दिनांक 25 जनवरी, 2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ. में राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वाधान में ' **मतदाता दिवस** ' धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। उन्होंने अपने वक्तव्य में मतदान को मन का दान कहते हुए सभी धर्मों के प्रणेता, धार्मिक ग्रन्थ, पूजा पद्दति पर प्रकाश डालते हुए मानव धर्म को ही सर्वोपरि बताया व प्राचार्य महोदय के साथ सभी ने निष्पक्ष व बुद्धिमानी के साथ मतदान करने की शपथ ली। राजनीति शास्त्र विभाग की अध्यक्षा श्रीमति रितु और उनके सहयोगी डॉ. विनोद राठी के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विभागाध्यक्षा श्रीमती रितु ने प्राचार्य महोदय का स्वागत करते हुए मतदान की महत्ता और आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता दिवस मनाने के कारणों पर भी चर्चा की। प्रत्येक व्यक्ति को संजीदगी से सोच समझ कर वोट देना चाहिए आज ज़रूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने इस अधिकार व दायित्व का बोध हो तभी वह सरकार व व्यवस्था को बदल सकते हैं। सर्वप्रथम भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय रहा :– ' **लोकतंत्र में मतदान का महत्व** '। इस प्रतियोगिता में 21 विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं – उनके विचार थे "लोकतंत्र मज़बूत बनाकर, भारत का उत्थान करें। जाति मज़हब की तोड दीवारें, आओ हम मतदान करें"। जिस प्रकार धार्मिक दृष्टि से दान का महत्व होता है उसी प्रकार शासन को सुचारू रूप से चलाने के लिए लोकतंत्र में मतदान का महत्व होता है। भारत विश्व का सबसे विशाल और सफल लोकतांत्रिक देश है। लेकिन आज मतदाताओं को जागरूक होना होगा, वंशवाद, भाई–भतीजावाद, भय, लालच, पक्षपात की भावना से ऊपर उठकर अपने मत का दान करना होगा।

संभाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में महाविद्यालय की अंग्रेज़ी विभागाध्यक्षा श्रीमती कमल टंडन हिन्दी प्रवक्ता डॉ. रेणु माहेश्वरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एम.ए. हिन्दी प्रथम वर्ष की वन्दना, द्वितीय स्थान पर बी.ए. तृतीय वर्ष की नेहा और तृतीय स्थान पर एम.ए. अर्थ शास्त्र की शायज़ा एवं चौथे स्थान पर बी.ए. तृतीय वर्ष की नैन्सी व बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के प्रीतम रहे।

लोकतंत्र की यह पहचान।

मत, मतदाता और मतदान॥

इस नारे का उद्घोष करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक जागरूकता रैली एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेखा सैन तथा श्रीमती रितु के दिशा निर्देशन में निकाली गई। अंत में विभागाध्यक्षा श्रीमती रितु ने सभी का धन्यवाद किया।